# गुंडालिस्ट में 67 बदमाश, 5 अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खुली

## बीते 10 साल में तीन या उससे अधिक प्रकरण वालों के नाम शामिल

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 29 नवंबर।** मुरैना पुलिस ने जिले के अलग-अलग थाना क्षेत्रों में विगत 10 वर्षों के अंतराल में तीन या उससे अधिक संपत्ति और शारीरिक क्षति पहुंचाई जाने वाली घटनाओं को में लिप्त रहे 67 आदतन अपराधियों के नाम गुण्डा लिस्ट में शामिल किए गए है। जबकि 5 बदमाशों के विरुद्ध पुलिस ने हिस्ट्रीशीट खोल दी है। पुलिस अधीक्षक समीर सौरभ ने गुण्डा लिस्ट एवं हिस्ट्रीशीट में शामिल किए गए सभी 72 अपराधियों के निवास स्थान, आवागमन, संगत और गतिविधियों की नियमित रूप से निगरानी करने के निर्देश संबंधित थाना प्रभारियों को दिए है। जिन अपराधियों को गुंडालिस्ट में शामिल किया गया है और जिनकी हिस्ट्रीशीट खोली गई है, उनके विरुद्ध मारपीट, शराब तस्करी, हत्या का प्रयास, फायरिंग, आर्म्स एक्ट, चोरी, नकबजनी जैसे आपराधिक प्रकरण विभिन्न थानों में पंजीबद्ध है।

**5 शातिर बदमाशों की**

**जानिए, किस थाने में कितने बदमाश गुण्डा लिस्ट में जोड़े**

सिटी कोतवाली-09, स्टेशन रोड थाना-02, माताबसैया थाना-02, अंबाह-12, पोरसा-06, महुआ-04, नगरा-03, बानमोर-03, नूराबाद-01, रिठौरा-03, सुमावली-01, बागचीनी-01, देवगढ़-01, कैलारस-09, पहाड़गढ़-04, निरार-03 और टेंटरा थाने में 03 समेत 67 अपराधियों के नाम गुण्डा लिस्ट में जोड़े गए है।

**पुलिस ने खोली हिस्ट्रीशीट:** मुरैना पुलिस ने जिले भर के 5 आदतन अपराधियों की हिस्ट्रीशीट खोली है। जिनमें पोरसा थाने का 01, अंबाह के 02, माताबसैया और स्टेशन रोड थानों के एक-एक बदमाश शामिल है।

# गीता महोत्सव कल, पुलिस परेड ग्राउंड पर होगा आयोजन

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 29 नवंबर।** कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ के निर्देशन में जिला पंचायत सीईओ कमलेश कुमार भार्गव ने बताया कि गीता महोत्सव का आयोजन कल 1 दिसम्बर को पुलिस परेड ग्राउंडए मुरैना में प्रातः 9.30 बजे से किया जाएगा।

कार्यक्रम के सफल आयोजन हेतु अपर आयुक्त नगर पालिक निगम मुरैना को कार्यक्रम संचालन एवं समन्वय की जिम्मेदारी सौंपी गई है। जिला शिक्षा अधिकारी तथा जिला परियोजना समन्वयक द्वारा मंच एवं बैठक व्यवस्था, प्रकाश, ध्वनि, बैनर तथा प्रचार-प्रसार की समुचित व्यवस्था सुनिश्चित की जाएगी। जिला शिक्षा अधिकारी एवं डीपीसी द्वारा कार्यक्रम स्थल पर बच्चों की बैठक व्यवस्था की जाएगी। राज्य ग्रामीण आजीविका मिशन के जिला परियोजना समन्वयक तथा जिला पंचायत के सहायक परियोजना अधिकारी कार्यक्रम के संचालन में आवश्यक सहयोग प्रदान करेंगे।

# ग्वालियर की महिला मजदूर से पिपरसेवा के जंगल में दुष्कर्म

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 29 नवंबर।** मजदूरी करने वाली एक महिला को काम कराने के लिए ग्वालियर से साथ लेकर आए युवक ने रिठौराकलां थाना क्षेत्र में पिपरसेवा के जंगल में दुष्कर्म कर डाला। दुष्कर्म करने के बाद युवक महिला को जंगल में छोड़कर भाग निकला। पुलिस ने पीड़िता की रिपोर्ट पर अज्ञात युवक के विरुद्ध बलात्कार का मामला दर्ज कर लिया है।

जानकारी के अनुसार ग्वालियर निवासी 35 वर्षीय पीड़िता मजदूरी का काम करती है। 28 नवंबर को एक अज्ञात युवक ने पीड़िता से मजदूरी कराने की बात की। मजदूरी की राशि तय होने के बाद युवक पीड़िता को अपने साथ बाइक पर बैठाकर

**28 नवंबर को हुई घटना, अज्ञात युवक के विरुद्ध एफआईआर**

रिठौराकलां थाना क्षेत्र के अंतर्गत ग्राम पिपरसेवा के जंगल में लेकर पहुंच गया। यहां युवक ने पीड़िता के साथ दुष्कर्म किया और उसके बाद पीड़िता को जंगल में छोड़कर भाग निकला। पीड़िता किसी तरह ग्वालियर स्थित अपने घर पहुंचीं और परिवारीजनों को घटना की जानकारी दी। जिसके बाद 29 नवंबर को परिजन के साथ पीड़िता रिठौराकलां थाने पहुंचीं और पुलिस को घटना की जानकारी दी। पुलिस ने अज्ञात युवक के विरुद्ध अपराध दर्ज कर लिया है।

**इनका कहना है...**

पीड़िता मजदूरी करती है, मजदूरी का काम कराने युवक बाइक से उसे लेकर आया था। पीड़िता की रिपोर्ट पर अज्ञात युवक के विरुद्ध एफआईआर दर्ज कर ली है।

**संतोषबाबू गौतम**
**थाना प्रभारी,**
**रिठौराकला**

# हितग्राही को जानकारी न देने वाले सचिव पर 2500 अर्थदंड

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 29 नवंबर।** लोकसेवा गारंटी पोर्टल पर प्राप्त आवेदनों का निर्धारित समय.सीमा में संबंधित अधिकारी द्वारा निराकरण नहीं किए जाने की स्थिति में दंड का प्रावधान है।

कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़न ने मुरैना जिले की जनपद पंचायत सबलगढ़ अंतर्गत ग्राम पंचायत जमुनीपुरा के सचिव हरिओम जादौन पर लोकसेवा गारंटी अधिनियम के तहत 2500 का दंड अधिरोपित किया गया है। उक्त राशि संबंधित सचिव द्वारा चालान के माध्यम से शासन के खाते में जमा की जाएगी। आहरण एवं संवितरण अधिकारी, कलेक्टर कार्यालय मुरैना द्वारा उक्त प्रतिकर की राशि शीघ्र आहरित कर 30 दिवस के भीतर संबंधित हितग्राही को भुगतान किया जाएगा।

# उम्रकैद की सजा से दंडित फरार हत्यारोपी धर्मेन्द्र पकड़ा

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 29 नवंबर।** करीब छह साल पुराने हत्या के एक केस में न्यायालय द्वारा छह माह पूर्व दोषी मानकर आजीवन कारावास की सजा से दंडित किए गए अभियुक्त करू उर्फ धर्मेन्द्र सिंह पुत्र किशन

**हत्या के केस में कोर्ट ने 6 माह पहले सुनाया था फैसला**

सिंह गुर्जर निवासी घमंडी की खोड़, डोंडरी को नगरा थाना पुलिस ने 29 नवंबर को गिरफ्तार कर लिया। आरोपी धर्मेन्द्र न्यायालय द्वारा फैसला सुनाए जाने के बाद से ही फरार बना हुआ था।

पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार नगरा थाने में दर्ज अपराध क्रं. 158/19 धारा-302, 201, 120 बी, 11, 13 एमपीडीपीके



एक्ट के प्रकरण में न्यायालय ने करीब छह माह पहले फैसला सुनाया था। न्यायालय ने अभियुक्त करू उर्फ धर्मेन्द्र सिंह गुर्जर को दोषी करार देते हुए आजीवन कारावास की सजा से दंडित किया था।

न्यायालय के निर्णय के बाद से ही धर्मेन्द्र फरार बना हुआ था। उसकी गिरफ्तारी के लिए न्यायालय ने स्थाई वारंट भी जारी किया था। 29 नवंबर को मुखबिर से मिली सूचना के आधार पर नगरा थाना प्रभारी एसआई सुखदेव सिंह चौहान ने पुलिस टीम के साथ मिलकर डोंडरी तिराहे से धर्मेन्द्र को गिरफ्तार कर लिया। कार्यवाही करने वाली टीम में प्र.आर. मधुराज सिंह भदौरिया, धीरज सिंह, आरक्षक वीर सिंह, आरक्षक चालक घनेन्द्र जाट शामिल थे।

# विश्व एड्स दिवस कल, निकलेगी साईकिल रैली

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 29 नवंबर।** विश्व एड्स दिवस कल 1 दिसंबर को मनाया जाएगा। जिसे लेकर जिला एड्स नियंत्रण समिति के नोडल अधिकारी डॉ. नरेंद्र उपाध्याय की

**विकासखंड स्तर पर होंगी जागरुकता गतिविधियां, बनाई जाएगी मानव श्रृंखला**

उपस्थिति में बैठक का आयोजन शनिवार को किया गया।



बैठक में आईसीटीसी मुरैना से काउंसलर जय कुमार तिवारी, श्रीमती शिल्पी गुप्ता, लैब टेक्नीशियन अमित बसेड़िया, जौरा आईसीटीसी के काउंसलर संदीप सेंगर, सबलगढ़ की काउंसलर श्रीमती सीमा राठौर के अलावा एआरटी से राघवेन्द्र शर्मा, एसटीआई काउंसलर अतुल राठौड़, टीआई परियोजना के पदाधिकारी मौजूद थे। बैठक में मप्र राज्य एड्स नियंत्रण समिति से प्राप्त निर्देशों के पालन में जिले भर में विश्व एड्स दिवस 1 दिसंबर से साप्ताहिक जागरूकता गतिविधियों के आयोजन हेतु रणनीति बनाई गई। जिसके तहत जौरा, सबलगढ़ मुरैना में आईसीटीसी द्वारा स्कूल कॉलेज एवं ग्रामीण एवं शहरी क्षेत्रों में एचआईवी एड्स जागरुकता गतिविधियों का आयोजन किया जाएगा। कल 1 दिसंबर को मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी कार्यालय मुरैना से साइकिल रैली निकाली जाएगी। जो शहर के मुख्य मार्गों से होकर निकलेगी।

# शहरी क्षेत्र में भूमिहीनों को मिलेंगे पट्टे, सर्वेक्षण अधिकारी नियुक्त

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 29 नवंबर।** नगरीय विकास एवं आवास मंत्रालय के आदेशानुसार कलेक्टर लोकेश कुमार जांगिड़ ने नगरीय क्षेत्रों के भूमिहीन व्यक्तियों को पट्टे प्रदान किए जाने के संबंध में सर्वेक्षण कार्य हेतु प्राधिकृत अधिकारियों की नियुक्ति की है।

इस क्रम में नगर निगम मुरैना क्षेत्र के लिए एसडीएम मुरैना भूपेन्द्र कुशवाह, नगर पालिका अम्बाह एवं नगर पालिका पोरसा के लिए एसडीएम अम्बाह रामनिवास सिकरवार, नगर पंचायत बानमौर के लिए डिप्टी कलेक्टर श्रीमती प्रतिज्ञा शर्मा, नगर पंचायत जौरा के लिए एसडीएम जौरा शुभम शर्मा, नगर पंचायत कैलारस के लिए डिप्टी कलेक्टर भरत कुमार तथा नगर पालिका सबलगढ़ एवं नगर पंचायत झुंडपुरा के लिए एसडीएम सबलगढ़ सुश्री मेघा तिवारी को प्राधिकृत अधिकारी नियुक्त किया गया है।

प्राधिकृत अधिकारी सर्वेक्षण दलों का गठन कर निर्धारित समय-सीमा में सर्वेक्षण कार्य कराना सुनिश्चित करेंगे। सर्वेक्षण दलों द्वारा प्रत्येक सर्वेक्षित व्यक्ति की काबिज भूमि को दर्शाते हुए नजरी नक्शा तैयार किया जाएगा। सर्वेक्षण कार्य की संपूर्ण उत्तरदायित्व संबंधित प्राधिकृत अधिकारियों का होगा। सर्वेक्षण के आधार पर तैयार की गई प्रारंभिक सूची 15 दिसम्बर को कलेक्टर कार्यालय, संबंधित उपखण्ड राजस्व कार्यालय तथा नगरीय निकायों के कार्यालयों में प्रकाशित की जाएगी। प्रारंभिक सूची के संबंध में प्राप्त आपत्तियों पर समिति द्वारा विचार करने के पश्चात सूची को अंतिम रूप प्रदान किया जाएगा।

**कलेक्टर होंगे नगर निगम मुरैना की टीम के अध्यक्ष**

नगर निगम मुरैना क्षेत्र के लिए गठित समिति में अध्यक्ष कलेक्टर होंगे। सदस्य के रूप में पुलिस अधीक्षक, जिला पंचायत सीईओ, नगर निगम आयुक्त, नगर एवं ग्राम निवेश संचालनालय का स्थानीय अधिकारी तथा जिला शहरी विकास अभिकरण के परियोजना अधिकारी शामिल होंगे। अन्य नगरीय निकाय क्षेत्रों के लिए समिति के अध्यक्ष संबंधित उपखण्ड अधिकारी (राजस्व) होंगे। सदस्य के रूप में जनपद पंचायत के सीईओ उपखण्ड अधिकारी पुलिस, नगर एवं ग्राम निवेश संचालनालय का स्थानीय जिला अधिकारीए जिला शहरी विकास अभिकरण तथा नगर पालिका/नगर परिषद कार्यालय के मुख्य नगर पालिका अधिकारी को शामिल किया गया है।

# पुष्पराज पचोखरा-मनोज सुजानगढ़ी सेवा सहकारी संस्था के अध्यक्ष बने



**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/कैलारस, 29 नवंबर।** सेवा सहकारी संस्था पचोखरा एवं सुजानगढ़ी के पुर्नगठन की प्रक्रिया शनिवार को संपन्न हुई। इस प्रक्रिया के दौरान संस्था के सदस्यों ने सर्वसम्मति से पुष्पराज सिकरवार को अध्यक्ष चुना गया। इसी क्रम में मनोज सिकरवार को सुजानगढ़ी सेवा सहकारी संस्था के अध्यक्ष के रूप में चुना गया। सहकारी समिति के सदस्यों सहित ग्रामीणों ने दोनों निर्वाचित अध्यक्षों का पुष्पहार पहनाकर अभिनंदन किया। ग्रामीणों का कहना था कि

**समिति का हुआ पुर्नगठन, सर्वसम्मति से चुना गया अध्यक्ष**

नवनिर्वाचित अध्यक्षों के नेतृत्व में संस्था की कार्यप्रणाली और अधिक सशक्त होगी, जिससे ग्रामीणों को पारदर्शिता के साथ सुविधाओं का बेहतर लाभ मिल सकेगा।

# डमेजर-गढ़ीपुरा स्वीकृत मार्ग में बदलाव से ग्रामीणों में रोष

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना/कैलारस, 29 नवंबर।** जनपद पंचायत पहाड़गढ़ के अंतर्गत स्वीकृत डमेजर-गढ़ीपुरा 1.4 किमी सड़क निर्माण के दौरान स्वीकृत स्थल को परिवर्तित कर निर्माण किए जाने से ग्रामीणों में रोष है। ग्रामीणों का कहना है कि स्वीकृत स्थल पर निर्माण न होने से ग्रामीणों को परेशानी का सामना करना पड़ेगा।

डमेजर-गढ़ीपुरा सहित स्वीकृत मार्ग से जुड़ने वाले गांवों के लोगों का कहना है कि पूर्व विधायक सूबेदार सिंह रजौधा



द्वारा ग्रामीणों को आवागमन की बेहतर सुविधा उपलब्ध कराने के लिए डमेजर-गढ़ीपुरा मार्ग के निर्माण को स्वीकृत कराया गया था। लेकिन कुछ असामाजिक तत्वों ने अपना हित साधने के लिए स्वीकृत स्थल में परिवर्तन कर सड़क निर्माण का स्थान ही बदल दिया है। परिवर्तित स्थल पर रोड का निर्माण होने से कई गांवों का आवागमन प्रभावित हो रहा है।

जिसकी वजह से ग्रामीणों को

**स्वीकृत स्थल पर ही सड़क निर्माण कराए जाने की मांग**

आपातकालीन परिस्थितियों में लंबा सफर तय करना पड़ेगा। ग्रामीणों ने कलेक्टर से डमेजर-गढ़ीपुरा मार्ग का निर्माण स्वीकृत स्थल पर ही कराए जाने की मांग की है। मांग पूरी न होने पर ग्रामीणों ने आंदोलन की चेतावनी भी दी है।

# बाइकों की भिड़ंत में पति-पत्नी समेत 7 वर्षीय पुत्री जख्मी

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 29 नवंबर।** सिहौनिया थाना क्षेत्र में शनिवार को हरीक्षा-सांगौली गांव के पास दो बाइकों की आमने-सामने भिड़ंत हो गई। हादसे में एक बाइक पर सवार 7 वर्षीय बालिका और उसका पिता घायल हुए है। दोनों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। हादसे में बाइक पर सवार महिला को हल्की चोटें आईं है।

जानकारी के अनुसार मुरैना शहर के बड़ोखर इलाके में रहने वाला ऋषिकेश राठौर शुक्रवार को पत्नी और पुत्री जया राठौर (7) को साथ लेकर रिश्तेदार के घर शादी

**सिहौनिया थाना क्षेत्र में शनिवार को हुआ हादसा**

समारोह में शामिल होने के लिए भिंड जिले की गोहद तहसील के धमसा गांव गया हुआ था। शादी में शामिल होने के बाद शनिवार को



ऋषिकेश बाइक पर पत्नी और पुत्री जया के साथ मुरैना लौट रहा था। इसी दौरान सिहौनिया क्षेत्र में हरीक्षा, सांगौली गांव के पास उसकी बाइक की सामने से आ रही एक अन्य बाइक से भिड़ंत हो गई। हादसे में ऋषिकेश और जया गंभीर रूप से जख्मी हो गए, जबकि उसकी पत्नी को मामूली चोटें आईं है। घायलों को जिला अस्पताल में दाखिल कराया गया है।

# हाईवे पर बाइक अनियंत्रित होकर फिसली, 2 युवक जख्मी

**नवभारत न्यूज**

**मुरैना, 29 नवंबर।** बाइक पर सवार होकर करहधाम आश्रम जा रहे दो युवक सड़क हादसे में जख्मी हो गए। हादसा एनएच-44 हाईवे पर छौंदा स्थित आसन नदी के पुल के पास होना बताया जा रहा है। घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है।

जानकारी के अनुसार मुरैना शहर के गणेशपुरा इलाके में रहने वाला पंकज तोमर (27), सत्यम कुलश्रेष्ठ (25) अपने एक अन्य दोस्त के साथ बाइक पर सवार होकर शनिवार की दोपहर

**सिविल लाईन थाना क्षेत्र में छौंदा पुल के पास हुआ हादसा**

करहधाम आश्रम जा रहे थे। जब उनकी बाइक एनएच-44 हाईवे पर छौंदा स्थित आसन नदी के पुल के पास से गुजर रही थी, तभी पीछे से आया एक तेज रफ्तार ट्रक बाइक के करीब से गुजरा। जिससे बाइक अनियंत्रित होकर हाईवे पर फिसलती हुई चली गई। हादसे में बाइक पर सवार पंकज और सत्यम बुरी तरह जख्मी हो गए। जबकि तीसरे युवक को मामूली खरोंचें आईं है। दोनों घायलों को जिला अस्पताल में भर्ती कराया गया है। समाचार लिखे जाने तक पुलिस ने एफआईआर दर्ज नहीं की थी।

# प्रधान जिला न्यायाधीश ललित किशोर ने दिखाई हरी झंडी

**नवभारत न्यूज**

**ग्वालियर 29 नवम्बर।** जिला न्यायालय ग्वालियर में भी 13 दिसंबर को नेशनल लोक अदालत का आयोजन होगा। राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण एवं राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण के तत्वावधान में आयोजित होने जा रही इस नेशनल लोक अदालत की जिले में व्यापक स्तर पर तैयारियां की जा रही हैं। इस सिलसिले में जिले भर में नेशनल लोक अदालत का व्यापक प्रचार-प्रसार करने के लिये प्रधान जिला व सत्र न्यायाधीश एवं अध्यक्ष जिला विधिक सेवा प्राधिकरण श्री ललित किशोर ने शनिवार को प्रचार रथों को जिला न्यायालय परिसर से हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। ये प्रचार रथ ग्वालियर शहर सहित दूरस्थ ग्रामीण क्षेत्रों तक नेशनल लोक अदालत के बारे में प्रचार-प्रसार करेंगे।

मौजूदा साल की आखिरी नेशनल लोक अदालत की तैयारियों को लेकर प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश श्री ललित किशोर ने शनिवार को उच्चस्तरीय बैठक ली। जिला न्यायालय के सभाकक्ष में आयोजित हुई इस

**13 दिसंबर को होगा नेशनल लोक अदालत का आयोजन**

बैठक में लोक अदालत के सफल आयोजन के लिये आवश्यक दिशा-निर्देश दिए गए। साथ ही इसकी कार्य योजना पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में प्रमुख रूप से प्रधान न्यायाधीश जिला न्यायालय ग्वालियर, कुटुंब न्यायालय एवं तहसील न्यायालय डबरा एवं भितरवार सहित समस्त न्यायाधीशगण उपस्थित रहे।

नेशनल लोक अदालत का उद्देश्य नागरिकों को तेज, सरल और किफायती न्याय उपलब्ध कराना है। लोक अदालत में प्रकरणों का समाधान आपसी सहमति के आधार पर किया जाता है, तथा अंतिम निर्णय के विरुद्ध अपील का अधिकार नहीं होता, जिससे पक्षकारों को समय और धन की बचत होती है।

**इस प्रकार के प्रकरणों का होगा निराकरण:** बैठक में जिला विधिक सेवा प्राधिकरण के सचिव श्री प्रियंक भारद्वाज ने बताया कि 13 दिसंबर को होने वाली नेशनल लोक अदालत में बड़ी संख्या में प्रकरणों का निराकरण किया जाएगा। इनमें लंबित राजीनामा योग्य आपराधिक प्रकरण, सिविल विवाद, मोटर दुर्घटना क्षतिपूर्ति प्रकरण, वैवाहिक एवं पारिवारिक मामले,



चेक अनादरण, श्रम विवाद व विद्युत संबंधी प्रकरण शामिल हैं। इसके अलावा विभिन्न विभागों के प्री-लिटिगेशन प्रकरणों जैसे बैंक ऋण वसूली संबंधी विवाद, बीएसएनएल बकाया वसूली के मामले, नगर पालिका से जुड़े प्रकरण, परिवार परामर्श केंद्र के मामलों का समाधान भी लोक अदालत में आपसी सहमति तथा नियमानुसार दी जाने वाली छूट के आधार पर किया जाएगा।